# नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भटगांव वार्ड क्रमांक 01 खसरा नं. 1927/1 व्यावसायिक क्षेत्र से लगा हुआ है। नगर पंचायत भटगांव को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाये जाने हेतु खसरा नं. 1927/1 भूमि में दुकान निर्माण कर नीलामी किये जाने हेतु 23 दुकानें निर्माण का लेआउट की स्थिति में लीज पर दिये जाने हेतु आम नीलामी की जाती है। नीलामी प्रक्रिया का तिथि विवरण निम्नानुसार है :-

1. आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय 15/06/2023 (शाम 03:30 बजे तक)
2. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 16/06/2023 (शाम 04.00 बजे तक)
3. पात्र / अपात्र सूची की प्रकाशन की तिथि 19/06/2023 (शाम 03.00 बजे तक)
4. अमानत राशि जमा करने की अंतिम तिथि राष्ट्रीयकृत बैंक से FDR/TDR / नगद 22/06/2023 (शाम 04.00 बजे तक)
5. नीलामी की तिथि 23/06/2023 (सुबह 11.00 बजे से)
6. नीलामी का स्थान कार्यालय नगर पंचायत भटगांव प्रांगण

विवरण निम्नानुसार है। -

| क्र. | दुकान क्र. | साईज | प्रीमियम राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01,02,03,04,05,06 | 20x10 | 2.70 लाख | 50,000 रू. |
| 2 | 07,08,09,10,11 | 10x15 | 2.00 लाख | 50,000 रू. |
| 3 | 12,13,14,15,16,17 | 20x10 | 2.70 लाख | 50,000 रू. |
| 4 | 18,19,20,21,22,23 | 10x10 | 1.40 लाख | 50,000 रू. |

| क्र. | आरक्षित वर्ग | दुकान क्र. |
|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 06,11,14,20,21,23 |
| 2 | अनुसूचित जन जाति | 05,13 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 02,05,17 |
| 4 | विधवा एवं परित्यक्ता | 16 |
| 5 | विकलांग | - |
| 6 | भूतपूर्व सैनिक | - |
| 7 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी | - |
| 8 | शिक्षित बेरोजगार | 12 |
| 9 | अनारक्षित (महिला) | 03,07 |
| 10 | तृतीय लिंग | - |
| 11 | अनारक्षित वर्ग | 01,04,08,10,15,18,19,22 |

टीप :- नियम शर्तें की एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव
जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

# कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ०ग०)

## नगर पंचायत भटगांव द्वारा आम नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र



1. नाम :- कमलेश कुर्रे
2. पिता/पति का नाम :- धनीराम कुर्रे
3. निवास का पूर्ण पता :- मानस चौक, वार्ड० 15 न० पं० भटगांव तह०-भटगांव, जि०-सारंगढ़-बिलाईगढ़
4. मोबाईल नं. :- 9981904534
5. दुकान क्र. :- 06
   (जिसके नीलामी में भाग लेना चाहते है।)
6. आधार कार्ड का नम्बर :- 5416 9393 4235
   (छायाप्रति संलग्न करें।)
7. आरक्षित वर्ग :- अनुसूचित जाति (सतनामी)
8. जाति प्रमाण पत्र :- संलग्न है
   (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
9. नगर पंचायत भटगांव से अदेय प्रमाण पत्र :- संलग्न है

आवेदक (हस्ताक्षर)

नाम - कमलेश कुर्रे

### सत्यापन

मैं सत्यनिष्ठा पूर्वक सत्यापितकर्त्ता हूँ कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र की कंडिका 01 से लेकर 09 तक में उल्लेखित किये गये जानकारी सत्य एवं सही है।

आवेदक (हस्ताक्षर)

नाम - कमलेश कुर्रे

1, 4, 6

(हस्ताक्षर) 16.6.23

(मुहर: नगर पंचायत भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़)

प्रारूप -1 नियम 20, 24 (ख)

# नगर पंचायत भटगांव, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

बुक क्र.: 56 रसीद क्र.: 7

मार्ग या मोहल्ला मानस चौक वार्ड नं. 15 मकान नं.

मांग पंजी में क्रमांक 05

निर्धारित का नाम धनीराम कुर्रे / आदूराम

नगर पंचायत के दर / शुल्क के मुद्दे नीचे दिये गये ब्यौरे अनुसार रूपया अंको में 7131/-

शब्दों में सात हजार एक सौ इकतीस रूपये मात्र

| क्र. | कर/मद का नाम | बकाया राशि | चालू वर्ष की राशि | योग | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलकर | | | | |
| 2 | संपत्तिकर | 3318/- | 1106/- | 4424/- | अप्रैल 2021 |
| 3 | समेकित कर | 1800/- | 600/- | 2400/- | से |
| 4 | शिक्षा उपकर | - | - | | मार्च 2024 |
| 5 | सरचार्ज/ब्याज | 307/- | - | 307/- | तक |
| | योग - | 5425/- | 1706/- | 7131/- | |

स.रा.नि./कर संग्रहक हस्ताक्षर

दिनांक 16.06.23

हेतु

कुर्रे

19.06.2

उपलब्ध

नियत

/अपात्र

हमारे

भावना को पात्र कि सूची मे रखा जाय। अगर निश्चित समय के समाप्ती के बाद कोई कार्यवाही होता है तो हम आवेदको को सूचित किया जाय।

धन्यवाद

दिनांक
19.06.23
समय 3:20 बजे

19.06.2023
3.27 बजे

आवेदक

कमलेश कुर्रे

मनोज कुमार अजय

Mo. 9981904534

प्रति

श्री मान मुख्य न० पं० अधिकारी
नगर-पंचायत चरगांव

विषय :- निविदा फार्म (आवेदक) कि पात्र/अपात्र जांच हेतु

महोदय !

निवेदन है कि हम लोग कमलेश उर्के एवं मनोज अजय, हम दोनो आवेदक दिनांक 19.06.23 को सुबह 10:30 बजे से 3 बजे दोप० तक आप के कार्यालय न० पं० चरगांव में उपस्थित थे, 10:30 से 3 बजे (नियत समय) के बीच में किसी भी प्रकार की पात्र/अपात्र कि कार्यवाही नही हुई है।

अतः महोदय से निवेदन है कि हमारे आवेदनो को पात्र कि सूची में रखा जाये अगर नियत समय के समाप्ती के बाद कोई कार्यवाही होता है तो हम आवेदको को सूचित किया जाय।

धन्यवाद

दिनांक
19.06.23
समय 3:28 बजे

आवेदक

कमलेश उर्के K.Kumar

मनोज कुमार अजय [signature]

Mo. 9981904534

[stamp: कार्यालय नगर पंचायत चरगांव ... जिला ... ] 19.06.2023 3:27 बजे

प्रति

मुख्य नगर पालिका अधिकारी

नगर पंचायत भटगांव

विषय — पात्र - अपात्र सुचि चस्पा नही ~~करने बाबत~~ करने बाबत्

महोदय

— सनम्र निवेदन है कि आज दिनांक 19/6/23 दिन सोमवार को निविदा फार्म के आवेदन पत्र पात्र अपात्र की जांच होनी थी एवं पात्र-अपात्र की सुची की चस्पा सुचना पटल पर होना था। लेकिन कार्यालिन समय 5:30 बजे साम तक नही हुआ है। क्योकि कार्यालिन समय 10 बजे से 5:30 बजे तक C.M.O. (मुख्यनगरपालिका अधिकारी) अनुपस्थीत थे

— अत: महोदय से निवेदन है कि इस आवेदन निविदा फार्म के संबध मे अनुचित कार्य न किया जाय।

Date
19/06/23

आवेदक
(1) कमलेश कुर्रे
(2) मनोज अजय

श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी
बिलाईगढ़ -

विषय :- निविदा फार्म के अमानत राशि जमा करने बाबत्

महोदय

- सनम्र निवेदन है कि हम लोग आवेदक गण कमलेश कुर्रे, मनोज अजय एवं निविदा के लिए आवेदन जमा किये थे, जिसमे 19,06/23 को पात्र-अपात्र की जांच होनी थी वह भी समय पर नहीं हुई (समय 3 बजे तक) उसके बाद पात्र-अपात्र की सूची 5 बजे शाम तक चस्पा होना था। लेकिन आज दिनांक 22/06/23 तक चस्पा नहीं हुआ है। और निविदा फार्म की अमानत राशी 22/06/23 को जमा करना था, लेकिन कोई भी सक्षम अधिकारी उपस्थीत नही है।

- अतः महोदय से निवेदन है कि इस निविदा (निलामी) को निरस्त किया जाय। दि. [illegible]

Rcvd
22/06/23

न्यायालय तहसीलदार, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
[signature] 22/06/23

आवेदक
(1) मनोजअजय [signature]
(2) कमलेश कुर्रे [signature]

प्रति -

जिलाधिश महोदया
जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ -

विषय - नं.पं. भटगांव मे व्यवसायीक परिसर के 23 दुकान की निलामी को निरस्त करने बाबत् ।

कार्यालय कलेक्टर
आ.क्र. [illegible]
दि. [illegible]
सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

महोदय

- सनम्र निवेदन है कि निम्न बिन्दुओ के आधार पर इस निलामी की प्रकृया को निरस्त किया जाय।

(1) दुकान आबंटन की प्रक्रिया 1,6,23 को प्रकाशित किया गया

(2) आविदन प्रदान करने की अंतिम तिथी 15/6/23

(3) आविदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथी 16/6/23

(4) पात्र-अपात्र प्रकाशन की अंतिम तिथी 19/6/23

टिप - 19/6/23 को पात्र-अपात्र की जांच नही हुई एवं पात्र-अपात्र की सुचि चस्पा सुचना पटल में नही किया गया। आविदन पत्र का पात्र-अपात्र की जांच हुई ही नही तो हमारा फार्म को किस आधार पर निरस्त किया गया। जांच नही हुई जिसका प्रमाण नं.पं. भटगांव के आवक-जावक में आविदन संलग्न है।

(5) अमानत राशि जमा करने की अंतिम तिथी 22/6/23 को शाम 4 बजे तक थी, कार्यालय में कोई भी सक्षम कर्मचारी जैसे C.M.O., इंजिनीर, बड़े बाबु एवं राजस्व निरिक्षक कोई उपस्थित नही थे। जिसकी सिकायत श्रीमान S.D.M. महोदय बिलाईगढ़ से की गई S.D.M. के निर्देश पर तहसिलदार ने मौका जांच पर नं.पं. भटगांव कार्यालय मे आये वह जाच मे सत्य पाया की कार्यालय में कोई सक्षम कर्मचारी उपस्थित नही थे,

(6) हमारे पास अमानत राशी ले कर जमा कराये और हमे निलामी प्रक्रिया में भाग लेने दे। या कार्यवाही को निरस्त किया जाय।

सत्य मेव जयेत

विनीत

Date 22/6/23

मो. - 9981904534

(1) कमलेश कुर्रे [signature]

(2) मनोज कुमार [signature]

# कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

पात्र/अपात्र की सूची

दुकान क्र. 01 अनारक्षित

| का नाम | पिता/पति का नाम | पता | आधार कार्ड नम्बर | जाति प्रमाण पत्र संलग्न | बकाया नहीं प्रमाण पत्र | पात्र/अपात्र | अपात्र का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| साहू | बलीराम साहू | ग्राम–बेलटीकरी | 871815222387 | नहीं | हॉ | पात्र | |
| कुर्रे | कमलेश कुर्रे | न.प. भटगांव | 356562466080 | नही | हॉ | अपात्र | अदेय प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण |
| अजय | गौरे लाल अजय | न.प. भटगांव | 694520908756 | नहीं | हॉ | अपात्र | अदेय प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण |
| साहू | मुकुत राम साहू | न.प. भटगावं | 507531677624 | नहीं | हॉ | अपात्र | अदेय प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण |
| | धनीराम कुर्रे | न.प. भटगावं | 541693934235 | नहीं | हॉ | अपात्र | अदेय प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण |
| तवाल | भागवत जायसवाल | न.प. भटगावं | 461303588366 | नहीं | हॉ | पात्र | |
| | देशु राम | ग्राम–बेलटीकरी | 738530058111 | नहीं | हॉ | पात्र | |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

मान. मंत्रीजी, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को संबोधित
शिकायतकर्ता श्री कमलेश कुर्रे,मानस चौक,वार्ड क्रमांक 15,नगर पंचायत भटगांव,
के शिकायती आवेदन के संबंध में

## "बयान"

(स्थान–नगर पंचायत भटगांव, दिनांक 11 अगस्त 2023)

मैं कमलेश कुर्रे, पिता श्री धनीराम कुर्रे, उम्र–40 वर्ष, साकिन–मानस चौक, वार्ड क्रमांक 15, नगर पंचायत भटगांव, जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.) का निवासी हूं।

मैंने नगर पंचायत भटगांव द्वारा दुकान नीलामी में भाग लेने के लिए विधिवत् प्रयास किया किन्तु मुझे अपात्र करते हुए निविदा में भाग लेने से रोका गया। इस पूरे प्रकरण का विस्तृत विवरण इस प्रकार है :–

1. यह कि दिनांक 15.06.2023 को मैं निविदा फॉर्म लेने नगर पंचायत कार्यालय आया। उसके बाद आवक–जावक कर्मचारी श्री घनश्याम वैष्णव से संपर्क किया कि मुझे निविदा फॉर्म दीजिये तो उसने बोला कि दिलहरण साहू, एल्डरमेन से संपर्क कीजिये। मैंने कहा, मैं क्यों उससे संपर्क करूं, वो नगर पंचायत के कर्मचारी नहीं है, फॉर्म मैं आपसे लूंगा। उसके बाद उनके द्वारा कहा गया कि फॉर्म 12 बजे के बाद मिलेगा। तत्पश्चात् दोपहर 01 बजे के आसपास तीन दुकान के लिए फॉर्म मिला।

2. यह कि तत्पश्चात् दिनांक 16.06.2023 को मैंने राजस्व निरीक्षक श्री शरद देवांगन से बकाया राशि पटाने हेतु संपर्क किया। उसने बोला कि आज मैं बाहर हूं, तो मैंने पूछा कि आप बाहर हो तो आपके प्रभार में कौन है। उसके बाद मैंने श्री ओंकार सिंह, जो रसीद काटते है, उनसे संपर्क कर बकाया रसीद कटवाया जो कि मेरे पिताजी के नाम पर था। मेरे नाम से नगर पंचायत में कोई भूमि या भवन नहीं है जिससे कोई भी बकाया राशि नहीं है। मैंने दिनांक 16.06.2023 को अदेय प्रमाण पत्र हेतु श्री शरद देवांगन, राजस्व निरीक्षक के कहने पर आवक–जावक कर्मचारी को आवेदन दिया गया किन्तु उसके बाद से आज तक मुझे अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ।

3. यह कि दिनांक 19.06.2023 को पात्र–अपात्र की जांच होनी थी, जिसमें मैं प्रातः 10:30 बजे से नगर पंचायत में बैठे थे। मेरे सिवाय कोई भी आवेदकगण जो फॉर्म लिए थे कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। सुबह 10:30 से दोपहर 03:00 बजे तक पात्र–अपात्र की स्क्रूटनी/जांचनहीं हुई। उसके बाद मैंने आवक–जावक में आवेदन प्रस्तुत किया जिसमें मैंने दिया था कि पात्र–अपात्र की स्क्रूटनी कार्यवाही नहीं हुई है, उसका सूचना का मैंने नगर पंचायत कार्यालय से पावती भी लिया है। उसके बाद उसी दिन शाम 05:00 बजे मैं फिर नगर पंचायत आया। उसके बाद पात्र–अपात्र की सूची सूचना पटल पर चस्पा होनी थी लेकिन कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक चस्पा नहीं हुआ, क्योंकि कार्यालयीन समय 10:30 बजे से सायं 05:30 तक जिम्मेदार अधिकारी/सीएमओ अनुपस्थित थे। उसके बाद पुनः मैंने पात्र–अपात्र की सूची के लिए आवेदन दिया किन्तु मुझे पावती नहीं दी गई।

4. यह कि दिनांक 22.06.2023 को सुबह 10:30 बजे से नगर पंचायत भटगांव कार्यालय में आया। तो मैंन सीएमओ से फोन किया, कि पात्र–अपात्र की सूची यहॉ पर चस्पा नहीं है। उन्होनें बोला कि पात्र–अपात्र की सूची होगा, देखिये। उसके बाद उन्होनें फोन काट दिया, मेरे द्वारा उन्हें 4–5 बार फोन किए जाने पर उन्होनें फोन रिसीव नहीं किया। उसके बाद मुझे अमानत राशि पटाना था, तो नगर पंचायत भटगावं को 22.06.2023 को कोई जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित नहीं थे तो मैंने श्रीमान् अनुविभागीय अधिकारी से फोन पर संपर्क किया। एसडीएम महोदय से मैंने मोबाईल के माध्यम से निवेदन किया कि, तो मैंने विधिवत् नगर पंचायत द्वारा की गई निविदा कार्यवाही से अवगत कराते हुए व्हाटसएप के माध्यम से भेजते हुए अवगत कराया, तो एसडीएम महोदय ने कहा कि आप तहसील कार्यालय जाकर, नायब तहसीलदार महोदय को लेकर नगर पंचायत कार्यालय जाईये। तहसीलदार श्री सिदार जी, ने नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया।

[signature] 11/8/23

[signature] Kkurre
कमलेश कुर्रे
MO - 9981904534

तहसीलदार द्वारा सीएमओ, बड़े बाबू, राजस्व निरीक्षक अनुपस्थित थे और उसी दिन जो निविदा फॉर्म लिए थे जिनका सायं 04:00 बजे तक अमानत राशि जमा होना था। कोई आवेदक निर्धारित समय 04:00 बजे तक कोई अमानत पटाने आया, ना ही कोई जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित थे, तो फिर इनका अमानत राशि कैसे पटा, कैसे इस पर आगे की कार्यवाही संपादित की गई। इसकी पुष्टि नगर पंचायत भटगांव कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे से कराई जा सकती है। इसी प्रकार से आवेदन फॉर्म लेने से लेकर अमानत राशि जमा करने तक सभी काम फर्जी तरीके से किया गया है जिसमें एफ.आई.आर. हो और 420 का केस दर्ज कर जिम्मेदार अधिकारी के विरूध्द कार्यवाही किया जावे।

नायब तहसीलदार के निरीक्षण के बाद हम लोग आनन–फानन में जिला– सारंगढ़ बिलाईगढ कलेक्टोरेट कार्यालय गए जहां पर मैंने कलेक्टर महोदय को पूरी बातों से अवगत कराया तथा आवेदन दिया गया तथा निविदा/नीलामी को निरस्त करने का निवेदन किया गया।

5. यह कि दिनांक 23.06.2023 को सुबह मैंने 11:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय में आया उसके बाद मैंने सीएमओ कक्ष में संपर्क किया, कि मैडम, मेरा फॉर्म पात्र हुआ है कि अपात्र, इसकी जानकारी मुझे अभी तक नहीं दी गई है और ना ही इसका कारण मुझे बताया गया है। तो मुझे गोलमोल जवाब दिया गया। उसी दिंन 23.06.2023 को नीलामी होनी थी। उक्त तिथि को ना ही नीलामी की कार्यवाही हुई और ना ही कोई आवेदकगण नीलामी में भाग लेने हेतु उपस्थित हुआ था। मैं और मेरे साथी पूरे समय कार्यालय में उपस्थित थे, जिसका साक्ष्य सीसीटीवी कैमरे से देखी जा सकती है। नीलामी की पूरी प्रक्रिया फर्जी तरीके से किया गया है।

6. यह कि पूरे नीलामी प्रक्रिया किस पेपर में छापा गया, किस तरीके से प्रक्रिया पूरी की गई, जबकि ना कोई आवेदक आया, ना निर्धारित तिथि में कोई जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित थे। ना किसी तरह की उद्घोषणा अनाउंस किया गया। इस तरह पूरी प्रक्रिया संदिग्ध है। आम जनता को इसकी कोई जानकारी नहीं है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि इस नीलामी को निरस्त कर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी पर कार्यवाही की जावें।

**(कमलेश कुर्रे)**
मानस चौक, वार्ड क्र. 15
नगर पंचायत भटगांव,
जिला–सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

समक्ष कथन दर्ज किया गया
11.8.2023 5.30 PM

**Executive Engineer**
Urban Administration & Development
Bilaspur (C.G.)